हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 8 फरवरी 2026

06 नवाचार: 25 मानकों के आधार पर हर माह में ...



09 खितवांस मामले में महिलाओं पर कार्रवाई करने से ...





## खबर संक्षेप

### निशुल्क चिकित्सा शिविर 9 फरवरी को

**सीहोर।** सीहोर के गंगा आश्रम स्थित आयुष विंग एवं स्पेशलाइज्ड पंचकर्म थेरेपी सेंटर पर 9 फरवरी को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ नरेंद्र लोधी ने बताया कि शिविर में अर्थ (बवासीर), भगन्दर (फिस्टुला), परिकर्तिका (फिशर एवं अन्य गुदगत रोगों का अनुभवी एवं विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर क्षारसूत्र पद्धति से निःशुल्क उपचार किया जाएगा। इसके साथ ही औषधियां भी प्रदान की जाएंगी।

### ड्रोन स्क्वाड से होगी वन और वन्य जीवों की निगरानी

**सीहोर।** वन एवं वन्यजीवों की प्रभावी निगरानी और संरक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य सेधार वनमंडलद्वारा एक विशेषड्रोन स्क्वाड का गठन किया गया है। आधुनिक तकनीक से लैस यह पहल वन प्रबंधन और आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई को सक्षम बनाएगी। ड्रोन स्क्वाड में दो उन्नत ड्रोन, पर्याप्त बैटरी बैकअप और आपात स्थितियों में टीम की त्वरित तैनाती के लिए एक समर्पित वाहन शामिल है। टीम का नेतृत्व उप वनपाल स्तर के अधिकारी को सौंपा गया है। इसमें दो वन रक्षक और एक प्रशिक्षित ड्रोन ऑपरेटर की तैनाती भी की गई है। यह ड्रोन स्क्वाड वनाग्नि की समय पर पहचान एवं निगरानी, मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर नजर रखने, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तथा वानिकी कार्यों के प्रभावी दस्तावेजीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल से वन एवं वन्यजीव संरक्षण की प्रक्रिया अधिक सक्षम बनेगी, साथ ही वन प्रबंधन प्रणाली में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

### सुबह के समय बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। नमक चौराहा और बाजार के अन्य हिस्सों में भी यही हाल है। लोग दोपहिया वाहन बेतरतीब खड़े कर देते हैं। इससे हर दिन जाम लगता है। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। कई बार लोगों ने पार्किंग स्थल की मांग की। लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ। बाजार में सड़क पर वाहन खड़े रहने से जाम की स्थिति बनती है।

# रुद्राक्ष महोत्सवः दो दिन की चेतावनी के बाद भी नहीं हटे दुकानदार तो पुलिस बल ने संभाला मोर्चा, की कार्रवाई

### कुबेरेश्वर धाम में प्रशासन का 'बुलडोजर' एक्शन, सडक़ घेरी तो सामान जब्त

**सीहोर।** कुबेरेश्वर धाम में 14 फरवरी से शुरू होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। शुक्रवार को चितावलिया हेमा स्थित धाम परिसर और उसके पहुंच मार्गों पर प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ बड़ी अतिक्रमण मुहिम चलाई। यह कार्रवाई उन दुकानदारों के खिलाफ की गई जिन्होंने प्रशासन की चेतावनी को नजरअंदाज कर अपनी दुकानें और सामान सडक़ तक फैला रखा था।

पुलिस प्रशासन ने दो दिन पहले ही मुनादी करवाकर दुकानदारों को सडक़ खाली करने की हिदायत दी थी। बावजूद इसके कई दुकानदारों ने आधी सडक़ तक कब्जा कर रखा था, जिससे श्रद्धालुओं के पैदल चलने और वाहनों के निकलने में गंभीर



फाइल फोटो

समस्या हो रही थी। शुक्रवार को जैसे ही एसडीएम, तहसीलदार और मंडी थाना प्रभारी की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची, वहां हड़कंप मच गया। प्रशासन ने बिना देर किए सड़क पर रखे सामान को जब्त करना शुरू कर दिया। अधिकारियों ने साफ लहजे में कहा कि श्रद्धालुओं की राह में जो भी दुकान आएगी, उसे हटा दिया जाएगा।

#### पुराने आयोजनों से सबक

बता दें प्रशासन की इस सख्ती का बड़ा कारण पिछले वर्षों के अनुभव है। बीते साल आयोजन के दौरान मची भगदड़ और अव्यवस्था के चलते करीब आधा दर्जन श्रद्धालुओं ने अपनी जान गवां दी थी। प्रशासन इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहता।

#### इन व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस

सडक़ चौड़ी रखने की कवायदः लाखों की भीड़ में सडक़ पर एक इंच का अतिक्रमण भी भगदड़ का कारण बन सकता है, इसलिए पूरे मार्ग को क्लियर किया जा रहा है।
दोबारा कब्जा किया तो जेलः पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि सामान हटाने के बाद दोबारा सडक़ घेरी गई तो दुकानदारों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

#### दो दिन पहले होगी मॉक ड्रिल

कलेक्टर बालागुरु के. ने व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के लिए दो दिन पहले मॉक ड्रिल के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही हाईवे पर जाम रोकने के लिए पार्किंग को दुरुस्त किया जा रहा है और सुरक्षा के मद्देनजर रुद्राक्ष वितरण पर पहले ही रोक लगा दी गई है।

### गलत समय के चुनाव से बढ़ी मुश्किलें, हादसे का इंतजार कर रहा विभाग

# कंपनी की लापरवाहीः जान जोखिम में डालकर काम कर रहे कर्मचारी

### सड़क पर झूल रहे बिजली के तार, बिना सुरक्षा उपकरणों और बैरिकेडिंग के चल रहा मेंटेनेंस का काम, किसान और राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के व्यस्ततम कृषि उपज मंडी क्षेत्र में बिजली वितरण कंपनी द्वारा किए जा रहे रखरखाव मेंटेनेंस व नए फीडर के तहत कार्य में भारी लापरवाही सामने आई है। यहां सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। सडक़ पर बिजली के तार झूल रहे हैं, लेकिन न तो रास्ता बंद किया गया है और न ही सुरक्षा के लिए कोई बैरिकेडिंग की गई है।

बता दें मंडी क्षेत्र में चल रहे इस काम के दौरान ठेकेदार की बड़ी मनमानी देखने को मिल रही है। खंभों पर काम कर रहे कर्मचारियों के पास न तो हेलमेट है और न ही दस्ताने। लोगों ने जब इस स्थिति पर सवाल उठाए और मौके पर मौजूद सुपरवाइजर से बात की तो चौंकाने वाला जवाब मिला। सुपरवाइजर का कहना है कि ठेकेदार द्वारा उन्हें कोई भी सुरक्षा उपकरण या बैरिकेडिंग उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसे में कर्मचारी अपनी जान हथेली पर रखकर काम करने को मजबूर हैं।



#### लापरवाही का आलम

लापरवाही का आलम यह है कि बिजली कंपनी ने इस मेंटेनेंस कार्य के लिए किसी छुट्टी के दिन के बजाय कामकाज का दिन चुना। वर्किंग डे होने के कारण मंडी में अपनी उपज लेकर बड़ी संख्या में किसान पहुंचे थे। सडक़ पर यहां-वहां फैले बिजली के तारों की वजह से किसानों को अपने वाहन निकालने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही मंडी क्षेत्र की बिजली गुल रहने से कामकाज भी पूरी तरह प्रभावित रहा।

#### आवश्यक कदम उठाए जाएंगे

सडक़ तक लटकते तारों की वजह से पैदल चलने वालों और वाहन चालकों के लिए स्थिति बेहद डरावनी बनी हुई है। बिना किसी चेतावनी बोर्ड या रुकावट के चल रहे इस काम से राहगीर सहमे हुए हैं। हालांकि बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें इस मामले की जानकारी मिल गई है और जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अब सवाल यह उठता है कि क्या विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

### अगले कुछ दिन लुढ़केगा पराः मौसम विभाग ने घने कोहरे की संभावना जताई, ठंडी हवा चलने से बढ़ी ठिठुरन

**सीहोर।** जिले में फरवरी के पहले सप्ताह में मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। जहां सीहोर नगर में कोहरा नहीं छाया, वहीं ग्रामीण क्षेत्र घने कोहरा छाया रहा। जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो बीते 24 घंटों में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्शाता है। कल यह 11 डिग्री सेल्सियस था। जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में आज कोहरा नहीं छाया।

मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट तथा घना कोहरा छाने का अनुमान जताया है। फरवरी माह के पहले सप्ताह में एक बार फिर ठंडी हवाओं का असर देखा जा रहा है। शुक्रवार को भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर था। सुबह सीहोर जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई।

**जिला फिर ठंडी हवा की चपेट में:** गौरतलब है कि दिसंबर माह में न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ था, जबकि जनवरी में इसमें उतार-चढ़ाव देखा गया। फरवरी की शुरुआत के साथ ही सीहोर जिला एक बार फिर ठंडी हवा की चपेट में आ गया है। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ.



एस.एस. तोमर ने बताया कि आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है, और घना कोहरा छाने का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि हवा की दिशा में बदलाव के कारण मौसम में बार-बार परिवर्तन हो रहा है, और आसमान में हल्के बादल भी छाए रहेंगे।

**बीते पांच दिन ऐसा रहा तापमान :** पिछले कुछ दिनों का न्यूनतम तापमान इस प्रकार रहाः 30 जनवरी को 8 डिग्री सेल्सियस, 31 जनवरी को 10 डिग्री सेल्सियस, 1 फरवरी को 15 डिग्री सेल्सियस, 2 फरवरी को 14 डिग्री सेल्सियस, 3 फरवरी को 11 डिग्री सेल्सियस, 4 फरवरी को 11 डिग्री सेल्सियस, 5 फरवरी को 12 डिग्री सेल्सियस और 6 फरवरी को 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### रोजगार मेला में 57 युवाओं को मिला नौकरी का सुनहरा अवसर

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण राज्य का मिशन विकासखंड सीहोर और जिला प्रशासन के सहयोग से 6 जनवरी दिन शुक्रवार को जनपद पंचायत सीहोर में रोजगार मेला आयोजित किया गया,आयोजन में कैप्सटन सर्विस प्रा.लिमिटेड संस्था ने भाग लिया, आयोजित रोजगार मेला जनपद पंचायत सीहोर मुख्यकार्यपालन अधिकारी नमिता बघेल के मार्गदर्शन में हुआ, मेले में जिला सीहोर एंव अन्य जिलो के विभिन्न ग्रामो से आये 117 युवक एंव युवतियों ने प्रतिभाग किया, कैप्सटन सर्विस लिमिटेड से आये भर्ती



अधिकारी सूरजभान सिंह मीणा ने तय मापदंडों के आधार पर युवाओं एंव युवतियो का साक्षात्कार लिया एंव साक्षात्कार उपरांत चयनित 57 युवक एंव युवतियो को नियक्ति पत्र प्रदान कर सिधे ज्वाईनिंग दी गई, ज्वाईनिंग के प्रथम माह से ही युवाओं/युवतियो को मिलेगा 16 से 22 हजार रूपये तक वेतन साथ में मेडिकल बीमा पीएफ और पेंशन की सुविधा भी मिलेगी भविष्य में सीनियरिटी और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर प्रमोशन का मौका भी मिलेगा ब्लॉक प्रबंधक जनक सिंह गोयल ने बताया कि आजीविका मिशन लगातार रोजगार मेलों का आयोजन कर रहा है इसका उद्देश्य अल्प शिक्षित और शिक्षित बेरोजगारों को स्थानीय स्तर पर नौकरी का प्लेटफार्म देना है जिससे नवयुवकों एवं युवतियों को मिल रही बेरोजगारी से राहत साथ ही रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे है।

# जिलों में पेंशन कार्यालय बंद हुए तो वृद्धों को करना पड़ेगा परेशानियों का सामनाः सुंदरलाल राठौर

**सीहोर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी एवं कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एच.पी. उरमलिया, एल.एन.कैलाशिया के निर्देशानुसार सीहोर जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ.मोहन यादव एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन जिला कलेक्टर सीहोर को सौपा। सुन्दरलाल राठौर ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन आगामी 1 अप्रैल 2026 से जिला स्तर पर कार्यरत पेंशन कार्यालय बंद करने पर आमदा है । परिणाम स्वरूप सेवा निवृत्त होने वाले प्रदेश के कर्मचारियों, अधिकारियों के पेंशन प्राप्ति के प्रकरणों में उन्हें राजधानी भोपाल के चक्कर लगाना होंगे। जिससे पेंशनरों (सिनियर सिटिजन्स) को बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना होगा और कुछ माह पेंशन एवं अन्य स्वत्व प्राप्त नहीं होने की दशा में आर्थिक कठिनाईयों एवं परिवार का भरण पोषण की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की मांग है कि पेंशन कार्यालय जिला स्तर पर ही कार्यरत रहें। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर, पं.राममूर्ति शर्मा, कन्हैयालाल बैरागी, सिद्दुसिंह ठाकुर, एल.एस.सेन, नर्वदा प्रसाद खरे, राजेन्द्र गांधी, महेश आर्य, चंदरसिंह ठाकुर, लखनलाल सेन, अशोक कुमार दुबे, भगवती प्रसाद शर्मा, नंदलाल पाल, प्रकाश देवगड़े, दिनेश कुमार जोशी, दिलीप राठौर, मुन्नाला प्रजापति, प्रकाश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



### गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया

## यादव की पुण्यतिथि पर बड़ागांव में रक्तदान शिविर का आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

तहसील के बड़ागांव में स्व पटेल शांतिलाल यादव की पुण्यतिथि पर रिवोल्यूशन हेल्प हैंड फाउंडेशन व टीम प्रवीण यादव बड़ागाँव द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 70 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान से पूर्व बड़ागाँव स्थित गौ शाला में गो सेवा के तहत गौ माता को एनजीओ के कार्यकर्ताओं द्वारा हरा चारा खिलाया गया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महंत श्री राधे पुरी उर्द बहूजी महाराज आंदन धाम आमला उपस्थित रहे। एनजीओ के कार्यकर्ताओं ने बताया कि एनजीओ के द्वारा मुंबई में चर्च गेट पुलिस थाना, जीएलसी व विल्सन कॉलेज में भी पुण्यतिथि पर पौधे वितरित किए गए।

### चल समारोह में आदिवासी महापुरुषों की झांकियां भी रहेंगी शामिल

# माता शबरी जन्मोत्सव पर आज निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

श्री भिलाला समाज आगर का माता शबरी जयंती का जिलास्तरीय कार्यक्रम प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जावेगा। इस अवसर पर नगर में आज भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी भील भिलाला समाजजन व महिलाएं शामिल होंगी। जानकारी देते हुए शबरी जन्मोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नगर में 8 फरवरी रविवार को माता शबरी जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर एक विशाल चल समारोह गाजे बाजे ढोल ढमाको के साथ प्रातः 10 बजे जायसवाल कालोनी से प्रारंभ होगा जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ मां बगलामुखी रिसोर्ट नलखेड़ा पहुंचेगा। जहां कार्यक्रम का समापन होगा चल समारोह में आदिवासी महापुरुषों की झांकियां, नारी शक्ति की टीम द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी वही चल समारोह में सुंदर आकर्षक झांकियां भी शामिल होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फग्गन सिंह कुलस्ते,चेयरमैन एस सी / एस टी कल्याण संबंधी समिति लोकसभा,भारत सरकार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद नई दिल्ली,लक्कीभाऊ जाधव मुम्बई (राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष) अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद नई दिल्ली व अन्य वरिष्ठ अतिथि, पदाधिकारी गण भी शामिल होंगे। चल समारोह के लिए समिति द्वारा पुरुष वर्ग के लिए सफेद पेंट शर्ट कुर्ता पजामा, महिलाओं के लिए लाल चुनरी साड़ी ड्रेस कोड अनिवार्य किया गया है। चल समारोह में देश के अन्य राज्यों के साथ प्रदेश के कई जिलों से बड़ी संख्या में आदिवासी भील भिलाला समाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन भी रखा गया है।





**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि रामकुंवरबाई पति सुभाषचन्द्र निवासी ग्राम बिलिया तहसील बडौद जिला आगर-मालवा म.प्र. ने अपने स्वामित्व की ग्राम बिलिया में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 867 रकबा 860 वर्गफीट के संबधित दस्तावेज क्रमांक MP512822019A1108181 दिनांक 14-02-2019 दस्तावेज तथा दस्तावेज क्रमांक MP512822017A1090042 दिनांक 30-01-2017 उक्त पंजीक्रत दस्तावेज (रजिस्ट्री) गुम हो गई है तथा ढुंढने पर नही मिलने पर पुलिस थाना बडौद में दस्तावेज के गुम होने की सूचना दिनांक 03-02-2026 को दी गई है, मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बैंक में बंधक रख ऋण प्राप्त कर रही है। अतः सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर लिखित में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में जमा करें, बाद सूचना के कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार के द्वारा बंधक कि गई स्मपत्ति पर किसी प्रकार का दावा करता हैं तो उसको होने वाली हानि की जवाबदारी उसकी स्वयं की होंगी। आज दिनांक 02/02/2026 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्र से जारी

**आदर्श जैन** एडवोकेट
कार्यालय:- तोमर कंप्यूटर गली, सारंगपुर रोड, छावनी नाका, आगर मालवा- 465441 (म.प्र.)
मो: 8770272100, 9425083217

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत में हुआ बाल वाटिका निर्माण

**देवास।** जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन में नवाचार कर ग्रामों में बाल वाटिकाएं बनाई जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत टोंकखुर्द की ग्राम पंचायत सेकली में उत्कृष्ट कार्य कर बाल वाटिका का निर्माण किया गया है। इस बाल वाटिका के निर्माण से ग्राम पंचायत में बच्चों के बीच अत्यधिक उत्साह और आनंद का वातावरण है। यहाँ बच्चों के लिए खेल, शिक्षा और प्रकृति के निकट सीखने के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पहल न केवल बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि पंचायत में स्वच्छ, सुंदर और शिक्षाप्रद वातावरण स्थापित करने की मिसाल भी है।

### जागरुक करने के लिए चलाया विशेष अभियान

**देवास।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग साबिर अहमद सिद्दीकी ने बताया कि बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के तहत बाल भिक्षावृत्ति को समाप्त करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता एवं रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के विशेष अभियान के तहत गठित दल द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर बाल भिक्षावृत्ति को रोकने संबंधी कार्यवाही की जा रही है। दल द्वारा रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर रहे।

### जिला पुलिस कंट्रोल रूम में बीते दो माह की अपराध समीक्षा बैठक हुई आयोजित

# नवाचार: 25 मानकों के आधार पर हर माह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले थाने को दी जाएगी रिवॉल्विंग ट्रॉफी





विगत 14 माह से देवास पुलिस द्वारा जारी थानों की मासिक रैंकिंग प्रणाली ने पुलिसकर्मियों का बढ़ाया मनोबल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी सौम्या जैन सहित समस्त एसडीओपी,समस्त थाना/चौकी के प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे ।

उल्लेखनीय है कि माह नवम्बर 2024 से लगातार 14 माह से पुलिस द्वारा थानों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिये प्रतिस्पर्धा जागृत कराने और मासिक रूप से 25 मानकों के आधार पर सटिक मूल्यांकन हेतु थानावार रैंकिंग प्रणाली की प्रक्रिया जारी की गई। इसी अनुक्रम में प्रतिमाह सर्वश्रेष्ठ थाना,अनुभाग,पुलिसकर्मी पुरस्कार विगत 14 माह से प्रदान किये जा रहे है । शनिवार को आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में सम्पूर्ण 2025 की समीक्षा की गई,जिसमें थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सम्पूर्ण वर्ष 2025 की कार्यवाही में थाना कन्नौद प्रथम, थाना औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय और थाना सिविल लाईन तृतीय स्थान पर रहा। अपराध समीक्षा बैठक में समस्त थानों का 25 पैरामीटर के आधार पर माह दिसम्बर 2025 में आंकलन किया गया जिसमें थाना सिविल लाईन ने बाजी मारी।

दूसरे पर विजयागंज मण्डी और तीसरे पर थाना बरोठा रहा। जनवरी 2026 के आंकलन में प्रथम थाना नेमावर, द्वितीय विजयागंज मण्डी और तृतीय थाना बरोठा रहा।

### कोतवाली टीआई शर्मा सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी

माह जनवरी 2026 में सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार के रूप में निरीक्षक श्यामचंद्र शर्मा को दिया गया। निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली के पद पर रहते हुए थाना प्रभारी कोतवाली के पद पर रहते हुए आपके द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत विभिन्न गंभीर अपराधों में अत्यंत सजगता, सूझबूझ एवं तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए अवैध हथियारों की तस्करी के प्रकरण में 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर 06 देशी पिस्टल, 01 रिवॉल्वर, 01 देशी कट्टा एवं 03 जिंदा कारतूस जप्त करने, सूने मकानों में हुई 03 चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा कर 04 आरोपियों एवं 01 विधि से संघर्षरत नाबालिग को गिरफ्तार करते हुए लगभग 10 लाख का चोरी गया मश्रुका बरामद करने एवं वर्ष 1996 के धोखाधड़ी प्रकरण में लगभग 30 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए जनवरी 2026 का ₹सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी₹ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# द्वितीय देवास जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से द्वितीय देवास जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 6 फरवरी को हिन्द फौज के द्वारा पुलिस ग्राउंड पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से सफलतापूर्वक कराया गया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेंद्र गोस्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में पाँच आयु वर्ग रखे गए 7 वर्ष, 9 वर्ष, 11 वर्ष, 14 वर्ष एवं 16 वर्ष।

इन सभी आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में अवंतिका, शुक्ला वीरेंद्र मालवीय, संध्या बछानिया, श्रद्धा दूदे, नैंसी मालवीय, आकृति बरगदें, कोमल चौहान, अभय मालवीय, सनी गोयल तथा हिमांश सिसोदिया शामिल रहे। विजेता खिलाड़ियों को कैश प्राइज, मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला अधिकारी सेना गाडरीया, खेल विभाग जावेद पठान, जिला थ्रो बॉल एसोसिएशन सचिव प्रतिभा गेहलोत, जिला पेरा एथलेटिक एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. महेंद्र गेहलोत, जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सचिव अनिल श्रीवास्तव, देवास कॉर्पोरेशन एथलेटिक्स एसोसिएशन सचिव मनोज सिंह, संस्था मानस के राजेश पटेल, हिन्द फौज संचालक दीपिका बोरीवाल, पटवारी कुमेर सिंह वर्मा, संदीप बोरीवाल, हिन्द फौज रक्त संचालक सीमा गिरी, पटवारी विकास गिरी, हिन्द फौज योगा संचालक चंद्रशेखर तिवारी एवं मोना तिवारी, हिन्द फौज शिक्षा संचालक श्रीजा अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल तथा सैनिक स्पोर्ट्स से धर्मेंद्र भदौरिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में लखन मालवीय और कल्पना सक्सेना उपस्थित रहे। संचालन रीना पटेल ने व अआभार प्रदर्शन हिन्द फौज एथलेटिक संचालक सृजनिका लोखंडे ने किया।

### 101 केंद्रों तक कड़ी सुरक्षा में पहुंचाई गई बोर्ड परीक्षा सामग्री का वितरण शुरू, बसों से की जा रही सप्लाई

**देवास।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए सामग्री का वितरण शुरू हो गया है। जिले के कुल 101 परीक्षा केंद्रों पर यह सामग्री कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंचाई जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालय से परीक्षा सामग्री को बसों के माध्यम से निर्धारित केंद्रों तक भेजा जा रहा है। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुधीर कुमार सोमानी ने बताया कि पिछले दो दिनों से लगातार यह प्रक्रिया जारी है। सोमानी के अनुसार, कन्नौद, खातेगांव और बागली क्षेत्र के 50 परीक्षा केंद्रों पर सामग्री वितरित की गई है। शेष 51 केंद्रों, जिनमें देवास, सोनकच्छ और टोंकखुर्द क्षेत्र शामिल हैं, पर शनिवार परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया।

# भाजपा की जिला बैठक में आजीवन सहयोग निधि और विकसित भारत अभियान पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





क्षत्रिय कलोता समाज धर्मशाला, देवास में आजीवन सहयोग निधि, केंद्रीय बजट तथा विकसित भारत जी रामजी प्रसार अभियान के संबंध में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आजीवन सहयोग निधि का लक्ष्य पूर्ण करने का संकल्प लिया।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत जनकल्याणकारी बजट देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए संगठन स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जी-राम-जी रोजगार योजना सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का ग्राम स्तर पर चौपाल लगाकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे आमजन को योजनाओं की सही जानकारी मिल सके और अधिक से अधिक लोग इनका लाभ ले सकें। सेंधव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जिले के 1426 बूथों पर संगठनात्मक रूप से मनाई जाएगी। इसी दिन से आजीवन सहयोग निधि राशि संग्रहण का शुभारंभ किया जाएगा।

बैठक को देवास विधायक गायत्री राजे पवार, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी एवं बागली विधायक मुरली भंवरा ने भी संबोधित किया और संगठनात्मक गतिविधियों तथा अभियान की सफलता को लेकर अपने विचार रखे।बैठक में देवास विधायक गायत्री राजे पवार, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, बागली विधायक मुरली भंवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, नंदकिशोर पाटीदार, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, नरेंद्र सिंह राजपूत, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री महेश पाटीदार, सभापति रवि जैन, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजय सिंह पवार, विधानसभा संयोजक ओम जोशी, बापूलाल धोसरिया सहित तीनों अभियानों के जिला एवं मंडल टोली सदस्य, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार व सह मीडिया प्रभारी प्रतीक सोलंकी ने दी।

# बगैर लाइसेंस के व्यवसाय करने पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



निगम सीमा क्षेत्र में छोटे एवं बडे व्यवसायक जो विभिन्न प्रकार के व्यसाय कर रहे है। उनको निगम से लायसेंस लेना अनिवार्य है।

बिना लायसेंस के व्यवसाय/व्यापार करने वाले व्यापारी निगम का लासेंस लें बिना लायसेंस व्यापार करने पर आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम की टीम निरंतर चालानी कार्रवाई कर रही है। निगम लाइसेंस एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बिना लायसेंस व्यापार करने वाले व्यापारियों के विरूद्ध चालान जैसी सख्त कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के अन्तर्गत सुतार बाखल क्षेत्र में फल-फ्रूट व्यापारियों द्वारा बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के गोदाम संचालित किए जाने की शिकायत पर निगम की टीम ने निरीक्षण किया, जिसमें नियम विरुद्ध बिना लायसेंस व्यावसाय संचालित करते पाए जाने पर 9 गोदामो को सील किया। स्वच्छता सर्वेक्षण गाईड लाईन के अन्तर्गत अमानक पॉलिथीन का उपयोग करने वाले व्यवसायकों पर निगम द्वारा सख्ती से चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में फ्रुट एवं सब्जी मंडी में अमानक पॉलिथीन का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाही भी की गई।कार्रवाई के दौरान लाइसेंस प्रभारी हेमंत उबनारे, स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ठाकुर, भूषण पवार, ओमप्रकाश पथरोड़, संदीप सागते, विजय सांगते, प्रवीण खरे, दरोगा विकास सांगते राजेश गोसर शिव खत्री सहित निगम की टीम उपस्थित रही।

### देवास पुलिस ने राष्ट्रीय स्तर पर दिखाया दम, पुलिस कर्मचारी हुए सम्मानित

# दो कर्मचारियों को मिला केन्द्रीय गृहमंत्री अति-उत्कृष्ट सेवा पदक





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में देवास पुलिस द्वारा निरन्तर अलग-अलग आयामों में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी तारतम्य में जिले के लिये यह अत्यंत गौरव का विषय है कि जिला देवास पुलिस के कर्तव्यनिष्ठ एवं उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 के लिये केन्द्रीय गृहमंत्री अति-उत्कृष्ट सेवा पदक एवं केन्द्रीय गृहमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। यह पदक मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स द्वारा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कर्मियों को उनकी असाधारण, सराहनीय एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिये प्रदान किया जाता है। केन्द्रीय गृहमंत्री अति-उत्कृष्ट सेवा पदक उन पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने दीर्घ सेवाकाल में असाधारण निष्ठा, अनुकरणीय कर्तव्यपरायणता एवं राष्ट्रहित में उत्कृष्ट योगदान दिया हो । वहीं केन्द्रीय गृहमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक उन कर्मियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा एवं प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य किया हो।

### केंद्रीय गृहमंत्री अति-उत्कृष्ट सेवा पदक

ईश्वर सिंह, प्रधान आरक्षक (तत्कालीन पदस्थापना – थाना सोनकच्छ, वर्तमान – पुलिस अधीक्षक कार्यालय देवास), जगदीश चन्द्र सोलंकी, प्रधान आरक्षक (पदस्थापना – पुलिस लाईन देवास) को मिला।

### केन्द्रीय गृहमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक

सचिन चौहान, प्रधान आरक्षक (पदस्थापना – साइबर सेल देवास), अभय सिंह कुशवाह, प्रधान आरक्षक (पदस्थापना – थाना यातायात देवास), कुलदीप सिंह सिकरवार, प्रधान आरक्षक (पदस्थापना – थाना सोनकच्छ) को मिला। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवास द्वारा सभी सम्मानित अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गईं । उन्होने कहा कि "केन्द्रीय गृहमंत्री सेवा पदक प्राप्त करना अत्यंत सम्मान एवं गर्व का विषय है। यह पदक संबंधित पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रतीक है। ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी न केवल देवास पुलिस बल्कि सम्पूर्ण पुलिस बल के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये सभी भविष्य में भी इसी समर्पण एवं निष्ठा के साथ जनसेवा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे। उक्त सराहनीय उपलब्धि पर एसपी गेहलोद ने सम्पूर्ण देवास पुलिस परिवार की ओर से सभी सम्मानित अधिकारियों/कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा आशा व्यक्त की गई कि वे आगे भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी के साथ करते रहने एवं जिले का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया।

# क्षिप्रा नदी घाट पर पद्मश्री बामनिया ने दी कबीर लोक गीतों की प्रस्तुति




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुण्य सलिला क्षिप्रा नदी के पावन तट, क्षिप्रा पर कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा आयोजित लोक गायन प्रस्तुति कार्यक्रम में लोक संगीत की मधुर स्वर-लहरियों ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस, अध्यात्म और सांस्कृतिक चेतना से सराबोर कर दिया। क्षिप्रा नदी घाट, क्षिप्रा पर आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जो लोक गायन की प्रस्तुति सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित लोकगायक कालूराम बामनिया ने संत कबीर के अमर पदों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। "मन लाग्यों मेरो यार फकीरी में", "मन मस्त हुआ रे क्या बोले", "चदरिया झिनी रे झिनी" जैसे कबीर पदों की प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे और पूरा घाट कबीर वाणी से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान क्षिप्रा नदी के पवित्र स्वरूप और उसके सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने अपने संबोधन में कहा कि क्षिप्रा नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान है। इसके संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा क्षिप्रा नदी संरक्षण के संदेश के साथ हर माह सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे, ताकि कला, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ा जा सके। समापन अवसर पर कलाकारों का सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप



### बैठक कर पेंशनर्सों ने जताया रोष

**ललितपुर।** कोषागार पेंशनर्स कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशन एसोसिशन शाखा ललितपुर की मासिक बैठक जे.के.सिंह सेवानिवृत वाणिज्य कर अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें 17 दिसम्बर 2025 को वार्षिक पेंशन दिवस का जो आयोजन कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया था जिसमें उठाए गए बिंदुओं में जल संस्थान के सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन, वर्ष 2008 से लम्बित वन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एरियर, स्वास्थ विभाग में किडनी रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने के कारण तथा दिए गए ज्ञापन में बेसिक शिक्षा विभाग के 2006 से 2015 तक के सेवानिवृत्त शिक्षकों को नोडल वेतन वृद्धि के संबंध में व सिंचाई विभाग से सेवानिवृत अमरसिंह पाल चौकीदार के पेंशन प्रकरण पर त्वरित कार्रवाई हेतु तथा सेतु निगम द्वारा बनाए गये देवगढ़ पुल के दोनों तरफ रोड अब तक न बनाए जाने के संबंध में ज्ञापन देकर यह अपेक्षा की गई थी कि इन बिंदुओं पर शीघ्रताशीघ्र प्रगति के तथ्यों से अवगत कराया जाएगा। किंतु लगभग दो माह का समय व्यतीत होने के बाद भी संगठन को कृत कार्यवाही से अवगत नहीं कराया गया है और न ही जिलाधिकारी के संज्ञान में लाकर कोई कार्यवाही की गई प्रतीत नहीं होती है जिसे तुरन्त संबंधित विभागों द्वारा कोई कार्यवाही न होने की दशा में पेंशनरों द्वारा आन्दोलन की घोषणा कर शासन स्तर एवं प्रांतीय स्तर पर लिखित कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एजाज अली, हजारीलाल पाल, डा.आर.सी.जगरिया, तिलकराम कौशिक, गंगाराम शर्मा, हरीश तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी, दिनेश चंद अध्यापक आदि उपस्थित रहे।

### जल अर्पण दिवस का आयोजन किया

**ललितपुर।** ग्राम पंचायत पटसेमरा में शनिवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, ब्लॉक प्रमुख मोहित निरंजन, चंद्रशेखर, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अवनीश सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि मसौरा-सिंदवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत 45 गांवों में घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इस योजना में इंटेक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओवरहेड टैंक और पाइप लाइन का निर्माण किया गया है। जल अर्पण दिवस के अवसर पर पेयजल व्यवस्था का संचालन व रख-रखाव ग्राम पंचायत को सौंपा गया। राज्यमंत्री ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए ग्रामीणों से पानी के सदुपयोग की अपील की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों द्वारा जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। ग्राम प्रधान गोपाल सिंह तोमर ने योजना के लिए शासन व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### शादी से लौट रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रामपुर निवासी रॉकीराजा पुत्र स्व.हरेंद्र सिंह ने थाना तालबेहट में दी गई तहरीर में बताया कि 5 फरवरी की रात करीब 10.30 बजे वह एक शादी समारोह में शामिल होकर खाना खाकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पौराला पेट्रोल पंप के पास तालबेहट क्षेत्र में उसे रास्ते में रोक लिया गया। पीड़ित के अनुसार, माताटीला निवासी बॉबी राजा पुत्र राजेंद्र सिंह अपने एक अज्ञात साथी के साथ वहां मौजूद था। दोनों ने बिना किसी कारण के रॉकीराजा को गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

### राज्यपाल को पत्र लिखकर कार्रवाई पर आपत्ति जताई

# खितवांस मामले में महिलाओं पर कार्रवाई करने से महिला संगठनों में नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नशाखोरी के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाने के लिए सड़क पर उतरी ग्रामीण महिलाओं के साथ हुई प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर जिले में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्राम खितवांस में शराब के ठेकों के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को गंभीर धाराओं में जेल भेजे जाने का मामला अब प्रदेश स्तर तक पहुंच गया है। मणिबेन पटेल महिला मोर्चा, ललितपुर की ओर से उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को एक विस्तृत पत्र भेजकर इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण, अमानवीय और समाज को गलत संदेश देने वाला बताया गया है। पत्र में कहा गया है कि जिन महिलाओं ने नशाखोरी से अपने परिवारों और बच्चों को बचाने के लिए आवाज उठाई, उन्हीं को अपराधियों की तरह जेल भेज दिया गया।

### राज्यपाल के आह्वान का ही पालन कर रही थीं महिलाएं

पत्र में उल्लेख किया गया है कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में दिए गए अपने दीक्षांत भाषण में स्वयं राज्यपाल ने बुंदेलखंड की बेटियों से नशाखोरी के खिलाफ आगे आने का आह्वान किया था। उसी प्रेरणा से ग्रामीण महिलाएं शराब के ठेकों के विरोध में सड़क पर उतरीं। यह आंदोलन न तो हिंसक था और न ही किसी प्रकार की तोडफ़ोड़ या लूटपाट की घटना सामने आई। महिलाओं का आरोप है कि वर्षों से वे आबादी के बीच चल रहे शराब ठेकों को हटाने की मांग कर रही थीं, लेकिन उनकी बात कभी नहीं सुनी गई। मजबूर होकर उन्होंने प्रदर्शन किया, जो मात्र कुछ घंटों तक चला और उसके बाद स्थिति सामान्य हो गई।

### गंभीर धाराओं में मुकदमे, पुरुष भी आरोपी

पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि महिला प्रदर्शनकारियों पर सार्वजनिक शांति भंग करने, दंगा फैलाने और लूटपाट जैसी गंभीर धाराएं लगाई गईं, जबकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ऐसा कोई कृत्य स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। रिपोर्टों में महिलाओं के साथ कई पुरुषों को भी आरोपी दिखाया गया, जिससे आंदोलन को साजिशन हिंसक साबित करने का प्रयास किया गया। महिला संगठनों का कहना है कि इस तरह की कठोर कार्रवाई का उद्देश्य नशाखोरी के खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाना और अन्य महिलाओं को डराना है।

### मानसिक दबाव और आत्मघाती आशंका जताई

पत्र में चेतावनी दी गई है कि पहली बार जेल भेजी गई ग्रामीण महिलाएं मानसिक तनाव और अवसाद की स्थिति में हैं। यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### प्राकृतिक न्याय की मांग

महिला मोर्चा ने राज्यपाल से मांग की है कि तथाकथित सामान्य अपराधों में फंसी महिलाओं को कठोर सजा के बजाय प्राकृतिक न्याय (नेचुरल जस्टिस) के सिद्धांतों के तहत राहत दी जाए और आरोपों की निष्पक्ष समीक्षा कर उचित दंड सुनिश्चित किया जाए। पत्र में कहा गया है कि यदि नशाखोरी के खिलाफ खड़ी महिलाओं को ही जेल भेजा जाएगा तो भविष्य में कोई भी समाज सुधार के लिए आगे आने का साहस नहीं करेगा, जो मानवता और समाज दोनों के लिए घातक होगा।

### महिलाओं ने जताया आभार और उम्मीद

महिला मोर्चा की अध्यक्ष रामदेवी पटेल और महामंत्री सावित्री पटेल ने राज्यपाल से पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की अपील करते हुए कहा है कि ललितपुर की असंख्य महिलाएं इस न्यायपूर्ण हस्तक्षेप के लिए सदैव कृतज्ञ रहेंगी।

### सपा की मासिक बैठक संपन्न

# मताधिकार की रक्षार्थ सपा हर स्तर पर करेगी संघर्षः सिंह



ललितपुर। समाजवादी पार्टी की मासिक समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीति तथा एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा वोट काटने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और किसी भी कीमत पर वोटर सूची में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने बूथों पर पूरी मजबूती से खड़े रहें, मतदाता सूची पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल पार्टी नेतृत्व को दें। उन्होंने आगे कहा कि बूथ स्तर की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय करने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस दौरान जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, स्नातक विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह यादव, नगर अध्यक्ष अभि जैन, रामविलास रजक, अरशद मंसूरी, हरीसिंह यादव, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया, बाबूलाल पाल, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह यादव, लाखन यादव रोंडा, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, राजेश झा, रामकुमार यादव बम्हौरी कलां, राजेश यादव, दारासिंह यादव, यशपाल सिंह यादव, हरीमोहन यादव, पूजा यादव बुंदेलखंडी, शहरोज खान, जिला प्रवक्ता प्रमोद इमलिया, ऋषि यादव, जगदीश, नीरज यादव, राजेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी, वीरेंद्र सिंह, उदय सिंह यादव, सुखदयाल अहिरवार, शाहिद अली, हुकुम सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव एड, अजय यादव, राजबहादुर सिंह एड, कमलसिंह यादव, इंद्रपाल यादव, रजत घावरी, जगदीश प्रधान, जुगल किशोर, देशराज यादव, चारू सतभैया, बिट्टू यादव आदि मौजूद रहे।

### जबरदस्ती करने व अश्लील वीडियो वायरल का मामला

# पीड़िता ने शादी टूटने के बाद दर्ज कराई रिपोर्ट

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और शर्मनाक मामला सामने आया है, जिसमें एक युवती के साथ जबरजस्ती करने, उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने और सामाजिक प्रतिष्ठा को तार-तार करने का आरोप लगा है। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी सहित कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मडावरा क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली युवती ने थाना महरौनी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह एक वर्ष पूर्व एक डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत थी। परीक्षा देने के लिए वह बस से कॉलेज गई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद कॉलेज से बाहर निकलते समय गांव का ही एक युवक मिला और उसने उससे अपनी मोटर साइकिल से घर छोडऩे की बात कहकर साथ ले गया।

### बेहोश कर ले जाया गया

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने अपने पास रखे तौलिए में किसी नशीले पदार्थ का प्रयोग कर उसे बेहोश कर दिया। इसके बाद उसे किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया, जहां उसके साथ जबरजस्ती की। पीड़िता को इस दौरान किसी भी प्रकार का होश नहीं रहा। कुछ समय बाद वह किसी तरह अपने घर पहुंची, लेकिन उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि उसके साथ क्या-क्या किया गया। पुलिस ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है। पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

ललितपुर। कोतवाली ललितपुर क्षेत्र से एक 19 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली ललितपुर में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री 5 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे अचानक घर से लापता हो गई। उस समय वह अस्पताल से दवा लेकर घर लौटी थीं, लेकिन घर पहुंचने पर उनकी बेटी मौजूद नहीं थी।

### अनुसूचित में गणना करने का आदेश जारी हो

# मछुआरों का नाम ओबीसी से खारिज करे सरकारः कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मझवार, तुरेहा सहित कई घुमंतू एवं वंचित जातियों को अनुसूचित जाति का संवैधानिक लाभ दिलाने की मांग को लेकर निषाद पार्टी ने बड़ा कदम उठाया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय कुमार निषाद ने विधायक को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि इस गंभीर सामाजिक मुद्दे को उत्तर प्रदेश विधानसभा में लोक महत्व के विषय के रूप में उठाया जाए। पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक अनुभाग-2 द्वारा 31 दिसंबर 2016 को जारी अधिसूचना तथा भारत सरकार के गृह मंत्रालय की 8 जनवरी 2022 की अधिसूचना के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जनपद और तहसील स्तर पर नियमों का पालन नहीं हो रहा है।

इसके चलते मझवार, तुरेहा, निषाद, केवट, मल्लाह, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, गोंडिया, मांझी, मझुआ आदि जातियों को आज भी पिछड़ी जाति का प्रमाण-पत्र जारी किया जा रहा है, जो नियमविरुद्ध और असंवैधानिक बताया गया है। निषाद पार्टी का आरोप है कि राज्यपाल द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत 31.12.2016 को जारी अधिसूचना में उपरोक्त जातियों को पिछड़ी जाति की सूची से हटाकर अनुसूचित जाति में सम्मिलित किया गया था। इसके बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा पुराने नियमों के आधार पर प्रमाण-पत्र जारी किए जा रहे हैं, जो भारत के संविधान और केंद्र सरकार के आदेशों का खुला उल्लंघन है।

### पांच सूत्री मांगें रखीं

*निषाद पार्टी ने विधायक से आग्रह किया है कि विधानसभा में यह मांग उठाई जाए कि मझवार जाति की संवैधानिक रूप से अनुसूचित जाति में जनगणना कराई जाए। मझवार एवं तुरेहा जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र जारी किया जाए। 31 दिसंबर 2016 की अधिसूचना के आधार पर मझवार को ओबीसी सूची से हटाया जाए। नई संशोधित अनुसूचित जाति सूची जारी की जाए। निषाद, केवट, मल्लाह, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, तुरेहा, गोंडिया, मांझी, मझुआ आदि जातियों को अनुसूचित जाति की समस्त सुविधाएं प्रदान की जाएं। डा.संजय निषाद ने कहा कि यदि समय रहते इस विसंगति को दूर नहीं किया गया तो लाखों वंचित परिवार शिक्षा, रोजगार और सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाएंगे। यह केवल प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय से जुड़ा गंभीर विषय है। निषाद पार्टी ने उम्मीद जताई है कि विधायक इस विषय को गंभीरता से लेते हुए विधानसभा में उठाएंगे।*

# भाजपा ने चौपाल लगा कर केंद्रीय बजट पर चर्चा की



ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी के केंदीय नेतृत्व के निर्देश पर महरोनी विधानसभा में हाल ही में आये लोक लुभावन एवं सर्वजनहिताय धारणा पर आधारित केन्द्रीय बजट को लेकर विधानसभा जनचौपाल के द्वारा चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया ने किया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार जो बजट 2025-26 पेश किया गया है उसमें आप की हमारी महरोनी विधानसभा के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। यहां सैदपुर बल्क ड्रग फार्मा पार्क विकसित होने से विकास की गंगा बह उठेगी।उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार द्वारा जारी सर्वस्पर्शी बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने बाला बजट है । बजट में उत्तर प्रदेश में हाई स्पीड रेल और रेल विस्तार को गति देने, कैंसर सहित दुर्लभ बीमारियों की सत्रह जीवनरक्षक दवाएं सस्ती कर आम आदमी को राहत देने का काम किया गया है।पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की कनैक्टिविटी होने से उद्योगों की लागत घटेगी और व्यापार बढ़ेगा। पन्द्रह हजार स्कूल और पांच सौ कालेजों में विशेष लैब की व्यवस्था करने से बैज्ञानिक शिक्षा में इजाफा होगा। इसके अलावा कृषि उत्पादों को प्रतिस्पर्धी वना कर विश्व बाजार में लाने की तैयारियां की गई है।श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कहा कि यह केन्द्रीय बजट सर्वस्पर्शी, राष्ट्र को समर्थ बनाने बाला बजट है जो अन्तिम पायदान तक खड़े व्यक्ति के उत्थान हेतु सृजित किया गया है। इस बजट में वायो फार्मा क्षेत्र में दस हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था कर इस क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया गया है जिससे हम विश्व से मिनरल खरीदें नहीं वल्कि बेचने का काम करें।।हर जिले में गर्ल्स होस्टल खोलने से कामकाजी और शिक्षा प्राप्त कर रही मातृशक्ति को बहुत लाभ होगा।

इस कार्यक्रम के जिला संयोजक पं प्रदीप चौबे ने कहा कि इस बजट में परम्पराागत उद्योगों के आधुनिकीकरण हेतु भारी बजट का प्रावधान किया गया है ताकि इन उद्योगों को विकसित कर विश्व वाजार में भारत की महत्वपूर्ण शाख वनाई जा सके । उन्होंने आगे कहा कि नदी जोड़ो योजना के अन्तर्गत केन ,वेतवा परियोजना हेतु आठ सौ करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। यह योजना पूरी होने से ललितपुर सहित बुन्देलखण्ड को बहुत लाभ होगा। औद्योगिक कारीडोर के लिए छप्पन हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है इस के माध्यम से उद्योगों को कर्ज, सब्सिडी,एवं अन्य विकास के कार्य हेतु मदद मिल सकेगी। अन्त में मंडल अध्यक्ष महरौनी आशीष त्रिपाठी उर्फ अस्सू पंडा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर पंथ चंदू भैया ने किया।

इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, कार्यक्रम संयोजक प्रदीप चौबे, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, जिला पंचायत सदस्य आशीष रावत, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, मण्डल अध्यक्ष गण शैलेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, दीपेंद्र सिंह लोधी, बृजेश राजपूत सिमरधा, रामस्वरूप निरंजन, रामगोपाल विश्वकर्मा, मुकेश पाल, गौरव गोतम, अनिल पटेरिया, अरविंद कौशिक आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने देखा, रोड़ा में मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य 35 प्रतिशत तक पूर्ण

**ललितपुर।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा की उपलब्धता के लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मई 2025 में जनपद को मॉडल कम्पोजित विद्यालय की सौगात दी थी, जिसमें प्री प्राइमरी से लेकर इंटरमीडिएट के बच्चे एक ही विद्यालय में रहकर शिक्षा ले सकेंगे, जिसके क्रम में जनपद के ग्राम रोडा में कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है और लगभग 35 प्रतिशत पूर्ण भी हो चुका है, इसी के क्रम में जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आवास विकास के अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को कार्य की प्रगति बढ़ाते हुए कार्य गुणवत्ता पूर्वक समयान्तर्गत पूर्ण कराने तथा समय-समय पर कार्य की थर्ड पार्टी जांच कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए सरकार द्वारा जनपद को यह सौगात दी गई है, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, कार्य की गुणवत्ता से किसी भी दशा में समझौता नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय के बन जाने से यहां एक ही विद्यालय में प्री प्राईमरी से लेकर इण्टरमीडिएट तक के बच्चों को उच्च शिक्षा मिलेगी। आवास विकास परिषद के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद जून 2025 से विद्यालय का निर्माण शुरु करा दिया गया है, जिसकी लागत 2388.34 लाख है, इसमें मुख्य भवन, मिडडेमील भवन, बाल बाटिका भवन, मल्टीपरपज हॉल, प्रिन्सपल रेजीडेन्स, स्टाफ रेजीडेन्स, डोरमेट्री भवन, गार्ड रूम, बाउण्ड्रीवाल, स्टोर्म वाटर डेज्न, सैप्टिक टैंक एवं सोकपिट, पम्परूम, सीसी रोड, इंटरलाकिंग, फायर फाइटिंग, आन्तरिक एवं बाहय विकास कार्य शामिल हैं। प्रथम किश्त के रूप में रू0 1210.775 लाख अवमुक्त किये गये हैं जिसमें रू0 900.00 लाख का उपयोग करते हुए मुख्य भवन (जी 2) भूतल व प्रथमतल की छत ढलाई, बाउण्ड्रीवाल की चिनाई, प्रिसिंपल आवास की प्लास्टर आदि कार्य प्रगति पर पाया गया।

# निवेश के नाम पर 10 लाख की ठगी मुंबई निवासी पर मुकदमा दर्ज किया

ललितपुर। थाना महरौनी क्षेत्र में निवेश के नाम पर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम कुआघोषी निवासी छत्रपाल सिंह ने मुंबई निवासी एक व्यक्ति पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छत्रपाल सिंह पुत्र माधव सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पहचान फोन के माध्यम से दशरथ कोखरे नामक व्यक्ति से हुई थी, जो वर्तमान में नवी मुंबई (महाराष्ट्र) में रहता है। आरोपी ने स्वयं को सोहम इम्पैक्स नामक फर्म से जुड़ा बताते हुए उसमें निवेश करने का प्रस्ताव दिया। उसने हर माह 10 से 15 प्रतिशत तक मुनाफा देने और समय पर पूरी रकम वापस करने का भरोसा दिलाया। आरोपी की बातों में आकर छत्रपाल सिंह ने अपनी जमीन और जेवर गिरवी रखकर पैसों की व्यवस्था की। इसके बाद 15 जुलाई 2025 को उन्होंने आरटीजीएस के माध्यम से फर्म के खाते में 10 लाख रुपये ट्रांसफर किए। कुछ समय तक आरोपी टालमटोल करता रहा, लेकिन जब लंबे समय बाद भी न तो मुनाफा मिला और न ही मूल धन वापस हुआ, तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। लगातार दबाव और भय के चलते पीड़ित ने थाना महरौनी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316(2) (धोखाधड़ी), 351(3) (आपराधिक धमकी) और 352 (गाली-गलौज, दुव्र्यवहार) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव को सौंपी गई है। थाना प्रभारी महरौनी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### अब नेशनल लेवल पर दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

# विज्ञान प्रतियोगिता जिज्ञासा में छात्र सचिन ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन एवं अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता जिज्ञासा में छात्र सचिन विश्वकर्मा ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पनारी के इस मेधावी छात्र ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों से लगभग 42 मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सचिन के मॉडल को जजों ने सराहा और उन्हें दूसरा स्थान प्रदान किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही सचिन का चयन अब नेशनल लेवल (राष्ट्रीय स्तर) की जिज्ञासा प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। इसके अतिरिक्त, सचिन के मॉडल की उपयोगिता को देखते हुए हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन द्वारा 9-10 फरवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले विज्ञान मेले इनोफेस्ट के लिए भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।



### पैरों के दबाव से बनेगी बिजली

सचिन का यह अभिनव मॉडल स्वच्छ ऊर्जा पर आधारित है। इस मॉडल की विशेषता यह है कि यह लोगों के चलने से उनके पैरों द्वारा लगाए गए बल (दबाव) का उपयोग कर बिजली उत्पन्न करता है। ऊर्जा संकट के समाधान की दिशा में इसे एक बेहतरीन छात्र नवाचार माना जा रहा है।

### इनका रहा विशेष सहयोग

सचिन की इस सफलता के पीछे उनके मार्गदर्शकों का बड़ा हाथ है। मॉडल को तैयार करने में विद्या वाहिनी की ओर से संजीव पटेल और विज्ञान अध्यापक मो.जाकिर ने विशेष तकनीकी सहयोग प्रदान किया। विद्या वाहिनी के एरिया लीड नीरज शर्मा ने सचिन के हुनर की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्या वाहिनी कार्यक्रम की प्रशंसा की और सचिन को बधाई दी। इस उपलक्ष्य में प्रधानाध्यापिका सीमा जैन, सअ प्रतिभा यादव, सीमा जैन, तारा तिवारी, मोहम्मद जाकिर और विद्या वाहिनी के संजीव पटेल उपस्थित रहे।

लहूलुहान बालिका को बचाने मां ने दिखाया साहस, प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर

# डेढ़ साल की मासूम को 40 फिट दूर तक घसीट ले गए आवारा कुत्ते

## कलेक्टर ने दिसंबर में ही इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-छापीहेड़ा

शाम को अपने घर के सामने खेल रही डेढ़ साल की मासूम पर आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। 3 से 4 कुत्तों के एक झुंड ने गुरूवार को 4 बजे के आसपास बालिका को गंभीर रूप से घायल कर दिया और लगभग 40 फिट तक उसे घसीटकर ले गए। बाद में पड़ोसियों एवं परिजनों की मदद से उसको बचाया गया एवं प्राथमिक उपचार कराने के बाद शाजापुर रेफर कर दिया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

### यह है मामला

छापीहेड़ा में इन दोनों आवारा कुत्तों का आतंक दिन-व-दिन बढ़ता जा रहा डेढ़ साल की बालिका भाव्या कुशवाह माता भारती कुशवाह पिता सूरज कुशवाह निवासी छापीहेड़ा वार्ड क्र1 निवास करते हैं। रामपुरिया बालाजी के पीछे नई कॉलोनी में उसकी नानी देव कन्या बाई के घर मिलने के लिए मां और बच्ची गए थे नानी के घर के बाहर मैदान में जब बच्ची खेल रही थी तो उसकी मां घर के अंदर चाय बनाने के लिए गई थी बस इतने समय में ही आवारा कुत्तों ने छोटी बच्ची पर हमला कर अपना शिकार बना लिया थोड़ी सी देर बाद बच्ची को देखने जब मां घर के बाहर आई तो बच्ची नहीं दिखी थोड़ी दूर कुत्तों की आवाज सुन जब थोड़े नजदीक जाकर देखा तो आवारा तीन कुत्ते बच्ची को जगह-जगह से नोच रहे थे। मां ने साहस दिखाकर उन कुत्तों से कैसे भी कर बच्ची को मौत के चुंगल से बचा लिया। विपदा के समय मां अपने बच्चों के लिए अपनी जान पर भी खेल जाती है।

### आवारा कुत्तों ने कुछ दिन पूर्व ही गोवंश को बनाया था शिकार

कुछ दिन पहले छापीहेड़ा के जटामडी नाके के नजदीक गोवंश के छोटे बच्चों को इन आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बनाया था उस गोवंश के छोटे बच्चे को नोच नोच कर खा गए सुबह-सुबह 4 बजे की बात वहीं मौजूद सिद्धनाथ वर्मा वार्ड क्र 10 मैं निवास रत ने बताया की मैंने दो बीघा जमीन पर गेहूं की फसल बंटवारे में बोई है मेरी नींद जब सुबह-सुबह खुली तो कुत्तों के चिल्लाने की आवाज आ रही थी मैंने रोड पर देखा तो गोवंश के छोटे बच्चे को यह आवारा कुत्ते नोच नोच कर खा रहे थे मैंने देखा इतने में तो उसके प्राण निकल गए थे इन आवारा कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है।





### कलेक्टर डॉ मिश्रा ने दिसंबर में ही जताई थी चिंता

जिले में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों के काटने की समस्या पर जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने विशेष चिंता जताते हुए सडक पर घूम रहे कुत्तों की नसबंदी को अभियान के रूप में चलाने के निर्देश दिए थे। नगरपालिका और पशु चिकित्सा विभाग को दवाइयों उपकरणों और आवश्यक टीम की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया था परंतु इन सबके बावजूद भी डॉग-वाइट की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं।

### इनका कहना है...

मुझे इस बारे में पता नहीं है आपने ही बताया है। पूर्व में भी कुत्तों को पकड़ने हमने टीम बुलाई थी। जल्दी ही आवारा कुत्तों को पकड़ने टीम बुलाई जाएगी। उन्हें शहर से बाहर भेजा जाएगा।

हरिओम शर्मा, सीएमओ छापीहेड़ा

## एसआईआर में लापरवाही पर कृषि विस्तार अधिकारी को किया सस्पेंड

**राजगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा एसआईआर कार्य हेतु नरसिंहगढ़ कृषि विस्तार अधिकारी निरमा यादव को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियुक्त किया गया था। निवार्चन जैसे महत्वपूर्ण एवं सर्वोच्य प्राथमिकता वाले कार्य में यादव द्वारा खासी लापरवाहियां बरतने पर उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। निलंबित अधिकारी यादव द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के फोन तक रिसीव नहीं किए जा रहे थे। इसके साथ ही उनके द्वारा बीएलओ व निर्वाचन कार्यालयीन कर्मचारियों से अभद्र भाषा के प्रयोग की शिकायतें मिली थीं। कार्यादेश की निरन्तर अवहेलना पर निर्वाचन कार्य प्रभावित हुआ। नरसिंहगढ़ एसडीएम द्वारा भी यादव के सम्बन्ध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड नरसिंहगढ़ से जानकारी ली गई। प्रतिवेदन में बताया गया कि यादव द्वारा ना तो निर्वाचन का कार्य किया जा रहा है और ना ही विभागीय कार्य सम्पादित किया जा रहा है। प्रतिवेदन अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा सहित जिला निवार्चन कार्यालय को प्राप्त हुआ। ऐसे में कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। निलम्बन अवधि में निरमा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

प्रेसवार्ता को संबोधित करने आए थे मंत्री वर्मा

## लाड़ली बहनों पर दिए बयान पर राजस्व मंत्री ने मांगी माफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने गुरुवार को सीहोर जिले में लाड़ली बहनों के संबंध में एक विवादास्पद बयान दिया था। स्वास्थ्य विभाग के एक आयोजन में मंत्री वर्मा ने मंच से कहा था कि यदि लाड़ली बहनें कार्यक्रम में नहीं आएंगी तो उनके नाम कट जाएंगे। इस बयान के बाद जहां लाड़ली बहनों में तीखा आक्रोष व्याप्त है, वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी बयान की आलोचना की थी।

मंत्री वर्मा ने अपने उक्त बयान पर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय राजगढ़ में बजट के संबंध में आहूत प्रेसवर्ता में मांफी मागी। उन्होंने कहा कि उनका तात्पर्य वैसा नहीं था जैसा बताया गया है। मेरा तात्पर्य था कि सभी बहनें आएं और शासन की योजनाओं का समझें, उनका लाभ लें। अगर फिर भी किसी को गलत लगा तो वे इसके लि मांफी मांगते हैं।

### बजट पर विस्तार से डाला प्रकाश

केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में मंत्री वर्मा ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज है। गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं। यह सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

## गेहूं उपार्जन के लिए प्रशासन ने जिले में बनाए 84 पंजीयन केंद्र

**राजगढ़।** प्रशासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 84 समितियों को गेहूं पंजीयन केन्द्र संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया है। पंजीयन के लिए बनाए गए केंद्रों में तहसील खुजनेर अंतर्गत विपणन सहकारी समिति खुजनेर, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति चाटूखेडा, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सुस्तानी निर्धारित किए गए हैं। इसी प्रकार तहसील खिलचीपुर अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति कुलीखेड़ा, भोजपुर, ढाबलीकलां, भाटखेडा, डालूपुरा, तहसील जीरापुर अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति जीरापुर, माचलपुर, रामगढ़, धतरावदा, लखोनी, कोडक्या, भानपुरा व विपणन सहकारी समिति जीरापुर, तहसील नरसिंहगढ़ अंतर्गत विपणन सहकारी समिति नरसिंहगढ़, उप केन्द्र कुरावर, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति झाड़ला, मंडावर, कोटरा, बैरसिया, ढ़ाबला, उमरी, हिनोतिया, चैनपुराकलां, गिलाखेडी, निपानिया चेतन, भैंसाना, बिजोरी, जामोनिया गोप चैहान, कोटरीकलां, माना, तहसील पचोर अंतर्गत प्राथमिक कृसहकारी समिति उदनखेडी, इकलेरा (तलेन), परसखेड़ी, तलेन, चिडलावनिया, नाहली, आसारेटा पंवार, पाडल्या अंजाना व विपणन सहकारी समिति पचोर, तहसील ब्यावरा अंतर्गत विपणन सहकारी समिति ब्यावरा, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति कांसौरकलां, मलावर, भिलवाडिया, पडोनिया, खजुरिया, ढकोरा, चाठा, जामी, तहसील राजगढ़ अंतर्गत विपणन सहकारी समिति खुजनेर उपकेन्द्र राजगढ़, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति करेड़ी, खण्डियापुरा, सिंदुरियाढ़कोरा, कालीपीठ, माचलपुर (राजगढ़), फूलखेडी, सुठालिया अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति लखनवास, गंगाहोनी, बिसोनिया, बगवाज, बैलास, मउ, टोढी, सिलपटटी, भवांस, कानेड, अमरगढ़, तहसील सारंगपुर अंतर्गत सण्डावता, पाडल्यामाता, तलेनी सारंगपुर, पडाना सारंगपुर, हराना, बालोडी, भैंसवामाता, पिपलिया पाल, धनोरा व खजुरिया घाटा शामिल हैं।

## राजगढ़ के खेतों में 'ड्रोन क्रांति' 2500 एकड़ में कर डाला स्प्रे



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश में परंपरागत खेती के तौर-तरीकों से आगे बढ़ते हुए राजगढ़ जिले के किसानों ने आधुनिक कृषि की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी मऊ ने जिले में पहली बार ड्रोन तकनीक का उपयोग कर लगभग 2500 एकड़ क्षेत्र में फसलों पर स्प्रे कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।अंकुरण थ्व्च के संचालक श्याम राजपूत ने बताया कि कृषि ड्रोन केवल एक नवाचार नहीं, बल्कि किसानों की कई बड़ी समस्याओं का समाधान बनकर सामने आया है। ड्रोन तकनीक से किसानों को कई महत्वपूर्ण लाभ मिल रहे हैं। पहले जहां फसलों पर दवा छिड़काव में घंटों लग जाते थे, वहीं अब यह काम कुछ ही मिनटों में पूरा हो रहा है। सेंसर आधारित तकनीक से फसलों पर समान रूप से दवा का छिड़काव हो रहा है, जिससे दवा की बर्बादी कम हुई है। इसके साथ ही घने या बड़े खेतों में, जहां मैन्युअल स्प्रे करना कठिन होता था, वहां भी आसानी से छिड़काव संभव हो पाया है। ड्रोन के उपयोग से किसानों को जहरीले जीव-जंतुओं और कीटनाशकों के सीधे संपर्क से होने वाले खतरे से भी सुरक्षा मिली है।

## सिविल सर्जन ने हटाई मारूतीनंदन ट्रेवल्स की मोविलिटी गाड़ी

### बोले- ट्रेवल एजेंसी ने मनमानी कर मचा रखी से सरकारी पैसों की लूट

### बाजार रेट से 3 गुना ज्यादा तक कर रहे हैं चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जिला अस्पताल में विभिन्न माध्यमों से सालों से चली आ रही सरकारी पैसों की लूट पर स्वास्थ्य महकमे के वर्तमान जिम्मेदार पदाधिकारी धीरे - धीरे ही सही लगाम जरूर लगा रहे हैं। जिससे दलालों के मन में डर और भय का माहौल निर्मित हो रहा है कि कहीं उनके काले कारनामों की पोल न खुल जाए। इस बार मामला है सिविल सर्जन द्वारा मारूतीनंदन ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा दी गई मोविलिटी गाड़ी को अधिक रेट के चलते हटा दिया गया है।

सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बताया कि मारूतीनंदन ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा मोविलिटी के लिए जो गाड़ी उपलब्ध करवाई जा रही थी उसके चार्ज मार्केट रेट से 3 गुने ज्यादा हैं जिससे सरकारी पैसों का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किया जा रहा है जिसके चलते मैने वह गाड़ी हटा दी है। उल्लेखनीय है कि 2024 में भी जब कुछ दिन के लिए सिविल सर्जन का चार्ज डॉ रजनीश शर्मा को दिया गया था तब भी उन्होने अधिक रेट के चलते तात्कालीन सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा को अपनी गाड़ी हटाने के लिए पत्र लिखा था।

### 25 से 30 रुपए प्रति किलोमीटर की दर कर रहे हैं चार्ज

सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा का कहना है कि जहां बाजार में 10 से 12 रूपए में ट्रेवल्स के लिए गाड़ियां उपलब्ध हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की मारूतीनंदन ट्रेवल्स एजेंसी 25-30 रूपए प्रतिकिलोमीटर की दर पर मोबिलिटी गाड़ी उपलब्ध करा रही है जो की 3 गुना ज्यादा है। जो कि सरकारी पैसों का दुरूपयोग कहा जा सकता है।

### 2025 मार्च में हो गया टेंडर खत्म! फिर आगे किसने बढाया

जिला अस्पताल में कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते जो टेंडर मार्च 2025 में खत्म हो गया था फिर वह किसकी सह पर दिसंबर 2025 तक चलता रहा इसकी जांच भी की जाना चाहिए जिससे भ्रष्टाचार और अनियमितता करने वाले चेहरे बेनकाब हो सकें।

मलावर पुलिस ने कुछ दिन पूर्व ही एक निजी स्कूल से जब्त की थी ऐसी ही कार

## एलपीजी किट लगी मारूति वैन में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

शनिवार दोपहर सड़क किनारे खड़ी एक मारुति वैन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वैन से तेज लपटें और काला धुआं उठने लगा, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। नसीलपुर निवासी दौलतराम मीणा अपनी एलपीजी संचालित मारुति वैन लेकर सुठालिया बाजार में निजी कार्य से आए थे। उन्होंने अपनी वैन मधुसूदन रोड सड़क किनारे खड़ी की और पास की एक बैटरी दुकान पर चले गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वैन एलपीजी से चलाई जा रही थी। आग तेजी से फैली और कुछ ही मिनटों में पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल राहोरिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझ जाने से आसपास खड़े अन्य वाहनों और दुकानों को नुकसान होने से बचा लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में अलाव की चिंगारी से वाहन में



आग लगने की आशंका है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में एलपीजी का प्रयोग न करें और आग या अलाव से सुरक्षित दूरी पर खड़ा करें।

### कुछ दिन पूर्व मलावर पुलिस ने पकड़ी थी ऐसी ही वैन

मलावर पुलिस की जागरूकता के चलते एलपीजी लगी मारूति वैन जिससे एक निजी स्कूल के मासूम बच्चों को लाने लेजाने के लिए उपयोग में लाया जा रहा था उस पर थाना प्रभारी रजनीश सिरोठिया एवं टीम द्वारा घटना पूर्व ही कार्रवाई कर एलपीजी किट लगी वैन को जप्त कर लिया है।

## करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का मंत्री टेटवाल ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन



**सारंगपुर।** सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने विभिन्न ग्रामों में करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर उन्हें ग्रामवासियों को समर्पित किया। मंत्री टेटवाल ने ग्राम लीमाचैहान में लगभग 1 करोड़ 33 लाख की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान सामुदायिक भवन, टीनशेड, आंगनवाड़ी भवन, सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में ग्राम दराना में लगभग 53 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसमें सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड, शांति धाम की तार फेंसिंग एवं पेवर्स निर्माण कार्य शामिल हैं। वहीं ग्राम गुलावता में लगभग 29 लाख 88 हजार की लागत से सामुदायिक भवन, सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर ग्रामवासियों को समर्पित किया गया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी तथा स्वच्छता, सुगम आवागमन और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## होली उत्सव को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक संपन्न



**सारंगपुर।** गुरुवार को होली उत्सव को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर की बैठक अम्बे माता मंदिर में समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें होली के पर्व पर पांच दिन रंगारंग उत्सव को लेकर कार्य योजना बनाई गई। बैठक का संचलन वैभव पुष्पद ने किया। जिसमें 2 मार्च सोमवार को बाल्मीकि समाज के सहयोग से बालरूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड पर सुंदर कांड का आयोजन होगा तथा 3 मार्च मंगलवार को गमी वाले घरों पर सामूहिक रंग डालने का आयोजन होगा वही 4 मार्च बुधवार को मुखर्जी चैक में संगीत निशा का आयोजन होगा तथा 5 मार्च गुरुवार को बस स्टैंड पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं 6 मार्च शुक्रवार को रात को बस स्टैंड पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा,इसके बाद 8 मार्च रविवार को बालरूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टेंड से रंग पंचमी की सामूहिक गैर का आयोजन सम्पन्न होगा। इस अवसर पर महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद,मुक्तिधाम अध्यक्ष अनिल बारकिया, अशोक साहू, महेश पाटीदार, सतीश राठौर, नितेश मिश्रा, मांगीलाल पाटीदार, सतीश गिरजे, सतीश मिश्रा, दिनेश सिसौदिया सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।

10 फरवरी से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं, नकल मामलों पर रहेगी पैनी नजर

## गंभीरता के साथ बोर्ड परीक्षाओं की सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आगामी 10 फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशों पर इन परीक्षाओं के लिए शिक्षा विभाग ने खासे इंतेजामात किए हैं।

नकल प्रकरणों पर नकेल के लिए जहां अलग-अलग ब्लॉक में उड़नदस्ते बनाए गए हैं वहीं प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती भी रहेगी। इन परीक्षाओं के लिए कल शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय से प्रश्न-पत्रों सहित परीक्षा से जुड़ी अन्य सभी आवश्यक सामग्री का वितरण करवाया गया। जिले में बनाए गए 63 परीक्षा केंद्रों से आए केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं टीम परीक्षा सामग्री लेने पहुंची। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ सामग्री का वितरण करवाया गया। जिस तरह निवार्चन से जुड़े प्रत्येक कार्य में काफी गंभीरता बरती जाती है उसी तरह की गंभीरता बोर्ड परीक्षा की सामग्री वितरण के दौरान नजर आई।



### परीक्षाओं के मद्धेनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

कलेक्टर एवं समग्र शिक्षा अभियान मिशन संचालक डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा इन बोर्ड परीक्षाओं सहित इन माह से आरंभ होने जा रही अन्य परीक्षाओं के मद्धेनजर परीक्षा अवधि के दौरान जिले के समस्त क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंधित उपयोग की समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश अधीनस्थ को प्रदान किए हैं। जिला परीक्षा समिति की बैठक के निर्णयानुसार जिले में बनाये गये कक्षा 5वीं व 8वीं के 310 परीक्षा केंद्रो पर छात्र अपने शिक्षक, पालक के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होगे। छात्रों की सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा समय के पूर्व व पश्चात तक अपने क्षेत्र के समस्त व्यस्ततम मार्गो पर सभी प्रकार के वाहनों की गति नियंत्रित रखे जाने की समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### 8 संवेदनशील एवं 5 अति-संवेदनशील केंद्र बनाए

पूर्व के सालों में हुई बोर्ड परीक्षाओं में जिन केंद्रों पर नकल प्रकरण या सामुहिक नकल प्रकरण के मामले सामने आए थे उन्हीं के दृष्टिगत शिक्षा विभाग द्वारा इस साल जिले में बनाए गए कुल 63 परीक्षा केंद्रों में 8 संवेदनशील केंद्र एवं 5 अतिसंवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। उल्लेखीय है इन परीक्षाओं की गोपनीयता और नकल प्रकरणों के संबंद्ध में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा भी बेहद गंभीर हैं। पिछले दिनों परीक्षाओं आयोजन एवं तैयारियों के संबंध में सभी केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की बैठक में कलेक्टर द्वारा कंइ तल्ख निर्देश प्रदान किए गए थे।

## पूर्व लिव-इन पार्टनर पर युवती को कार से कुचलने का आरोप

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती को उसके पूर्व लिव-इन पार्टनर द्वारा कार से टक्कर मारने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने इसे जानलेवा हमला बताया है, जबकि पुलिस ने मामले में लापरवाही से वाहन चलाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।पीड़िता के अनुसार वह बदरवास निवासी विक्की पंडा के साथ पिछले चार वर्षों से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। आरोपी ने उसे पत्नी की तरह साथ रखा, लेकिन कुछ समय पूर्व वह किसी अन्य महिला के साथ रहने लगा। पिछले आठ महीनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान आरोपी उसके साथ मारपीट करता था और उसके बच्चों को भी प्रताड़ित करता था।पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना वाले दिन आरोपी ने उसे साजिश के तहत एक पार्क में बुलाया, जहां उसकी नई महिला मित्र सहित अन्य लोग मौजूद थे। वहां विवाद और मारपीट के बाद जब वह जान बचाकर सिटी कोतवाली की ओर भाग रही थी, तभी बोहरा मस्जिद के पास आरोपी ने अपनी किया कार (क्रमांक एमपी 20–7652) से उसे पीछे से टक्कर मार दी।